# कोविड-19 मास्क का उपयोग: मास्क और रेस्पिरेटरों के प्रकार

HINDI / HINDI


यह सलाह आम जनता के लिए है और स्वास्थ्य देखभाल सेटिंग्स सहित व्यावसायिक स्वास्थ्य उद्देश्यों के लिए अभिप्रेत नहीं है।

तालिका विभिन्न प्रकार के मास्क और रेस्पिरेटरों की तुलना करती है। यह तय करने में आपकी मदद करने के लिए इसे देखें कि कौन सा मास्क या रेस्पिरेटर चुनना है। कुछ उत्पादों को दूसरों की तुलना में खोजना या खरीदना आसान हो सकता है और लागत अलग-अलग हो सकती है।

रेस्पिरेटर, मेडिकल मास्क और गैर-चिकित्सा मास्क सभी समुदाय में उपयोग किए जा सकते हैं। यह तय करते समय कि किस प्रकार का मास्क पहनना है, सबसे अच्छी गुणवत्ता और सबसे अच्छी फिटिंग वाला मास्क या रेस्पिरेटर चुनें जो आपके लिए उपलब्ध है।

आमतौर पर, गैर-चिकित्सा मास्क भी कोविड-19 के प्रसार को रोकने में मदद कर सकते हैं, लेकिन चिकित्सा मास्क और रेस्पिरेटर बेहतर सुरक्षा प्रदान करते हैं। कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप किस प्रकार का मास्क चुनते हैं, उचित फिट इसकी प्रभावशीलता में एक महत्वपूर्ण कारक है।

सांस छोड़ने के वाल्व के साथ मास्क या रेस्पिरेटर का उपयोग न करें। वे सांस के संक्रामक कणों को निकलने से नहीं रोकते। वे कोविड-19 के प्रसार को रोकने में मदद नहीं करते हैं।

| मास्कों और रेस्पिरेटरों के प्रकार | उपलब्धता | निर्माण | फिट | विनियामक विचार और मानक |
|---|---|---|---|---|
| **रेस्पिरेटर**<br> | व्यावसायिक रूप से उपलब्ध।<br>कई साईजों में उपलब्ध, जिसमें छोटे साईज भी उपलब्ध हैं, जो बच्चों के लिए इस्तेमाल किये जा सकते हैं। | निर्माण सामग्री अलग-अलग हो सकती है लेकिन रेस्पिरेटरों के फिल्टरेशन मानकों को पूरा करना चाहिए।<br>डिजाइन चिकित्सा मास्कों की तुलना में बेहतर फिट की अनुमति देता है।<br>पारदर्शी खिड़कियों के साथ उपलब्ध नहीं है।<br>आमतौर पर एक बार उपयोग वाले और डिस्पोजेबल, लेकिन स्पष्ट रूप से गंदे, नम या क्षतिग्रस्त होने तक पुन: उपयोग किया जा सकता है। | चेहरे पर सुनग फिट के लिए डिज़ाइन किया गया है।<br>कुछ रेस्पिरेटरों पर फिट को टाईयें, बैंड या कान के छोरों और नोजपीस को अडजस्ट करके बेहतर बनाया जा सकता है।<br>समुदाय में पहने जाने वाले रेस्पिरेटर को फिट परीक्षण की आवश्यकता नहीं होती है | सुनिश्चित करें कि आपका रेस्पिरेटर हेल्थ कैनेडा द्वारा अनुमोदित है।<br>डिवाइस पर लगाई गई अनुमोदन संख्या के साथ **NIOSH N95** रेस्पिरेटर, जिसको **TC-84A-#####** के रूप में दर्शाया गया है।<br>**95PFE** उत्पादों या **CSA** प्रमाणित **CA-N95** और **CA-N99** प्रकार के रेस्पिरेटरों को **CSA Z94.4.1** मानकों के अनुसार मार्क किया जाता है।<br>**KN95** रेस्पिरेटर जो **GB 2626-2019** मानक पूरा करते हैं।<br>**KF94** रेस्पिरेटर जो **KMOEL–2017-64** मानक पूरा करते हैं।<br>**FFP2** रेस्पिरेटर जो **EN 149-2001** मानक पूरा करते हैं। |
| **मेडिकल मास्क**<br>(प्रसीजर या सर्जिकल मास्क)<br> | व्यावसायिक रूप से उपलब्ध।<br>वयस्क और छोटे आकारों में उपलब्ध, जिनको बच्चों के लिए उपयोग किया जा सकता है। | निर्माण सामग्री अलग-अलग हो सकती है लेकिन स्थापित फिल्टरेशन मानकों को पूरा करना चाहिए।<br>आमतौर पर एक बार उपयोग, लेकिन स्पष्ट रूप से गंदे, नम या क्षतिग्रस्त होने तक पुन: उपयोग किया जा सकता है। | फिट आपके चेहरे के आकार और विशेषताओं के आधार पर भिन्न होता है।<br>फिट को विभिन्न तरीकों का उपयोग करके बेहतर बनाया जा सकता है, जैसे कि टाईयें या कान के छोरों को अडजस्टर करना और लचीले नोजपीस को समायोजित करना। | कुछ डिस्पोजेबल गैर-मेडिकल मास्क मेडिकल मास्क की तरह दिख सकते हैं लेकिन नियामक मानकों को पूरा नहीं करते हैं।<br>वह मेडिकल मास्क लें, जिन पर **ASTM F2100** या **EN 14683** बॉक्स लेबल हो।<br>इसका मतलब है कि इस मास्क का परीक्षण किया गया है और निम्नलिखित के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा करता है:<br>• कण और जीवाणु निस्पंदन<br>• सांस लेने की क्षमता<br>• द्रव प्रतिरोध<br>• पदार्थों की ज्वलनशीलता<br>कैनेडा में पारदर्शी मेडिकल मास्क के लिए कोई मान्यता प्राप्त मानक नहीं हैं। |
| **गैर-चिकित्सा मास्क**<br>(एक फिल्टर परत की उदाहरण के साथ)<br> | होममेड या व्यावसायिक रूप से उपलब्ध।<br>कई अलग-अलग आकारों और कपड़ों में उपलब्ध है। | कसकर बुने हुए सांस लेने योग्य कॉटन जैसे कपड़े की कम से कम 2 परतों से बना होना चाहिए। निस्पंदन में सुधार करने के लिए इसमें गैर-बुने हुए पॉलीप्रोपाइलीन की तरह फ़िल्टर-प्रकार के कपड़े की एक तीसरी, मध्य परत भी होनी चाहिए।<br>कोई हटाने योग्य फ़िल्टर सम्मिलित करने के लिए एक पॉकेट हो सकता है।<br>पारदर्शी खिड़कियों के साथ उपलब्ध हो सकता है।<br>पुन: प्रयोज्य या डिस्पोजेबल।<br>पुन: प्रयोज्य यदि गंदा या नम होने पर धोया जाता है। | फ़िट मास्क के आकार और शैली के आधार पर भिन्न होता है।<br>फिट को विभिन्न तरीकों का उपयोग करके बेहतर बनाया जा सकता है, जैसे कि टाईयों, बैंड या कान के छोरों और लचीले नोजपीस (यदि शामिल हो) को समायोजित करना। | कैनेडा में गैर-चिकित्सा मास्क के लिए कोई मानक या नियम मौजूद नहीं हैं। कुछ अंतरराष्ट्रीय मानक उपलब्ध हैं (यूरोप में **AFNOR**, अमेरिका में **ASTM**)।<br>गैर-चिकित्सा मास्क को चिकित्सा उपकरण विनियमों (*Medical Devices Regulations*) के तहत चिकित्सा उपकरण नहीं माना जाता है।<br>कोविड-19 के प्रसार को रोकने में मदद करने के लिए गैर-चिकित्सा मास्क की प्रभावशीलता व्यापक रूप से भिन्न होती है, और इस पर निर्भर करती है:<br>• उपयोग की जाने वाली सामग्री<br>• निर्माण<br>• फिट<br>• उचित उपयोग |

ID 11-32-01 / DATE 2022.02.21